औरैया पुलिस

प्रेस-नोट **दिनांकः-10.06.2026**

थाना दिबियापुर/स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान हत्या के अभियोग में वांछित चल रहे 25,000 के इनामियां अभियुक्त को पुलिस मुठभेड के पश्चात किया गया गिरफ्तार-

कार्यवाही- श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक औरैया व अपर पुलिस अधीक्षक औरैया तथा क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना दिबियापुर/स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना दिबियापुर पर पंजीकृत मु0अ0स0 23/2026 धारा 103(1) बी0एन0एस0 के वाँछित अभियुक्त 1. टिल्लू ठाकुर उर्फ रिषभ भदौरिया को थाना दिबियापुर क्षेत्रान्तर्गत समाधान पुर्वा से कंचौसी रोड पर पुलिस मुठभेड के पश्चात गिरफ्तार कर कब्जे से 01 अवैध तमँचा .315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस व 02 अदद खोका कारतूस .315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त हीरो स्पेलन्डर मोटर साईकिल बरामद की गई।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 18/19.01.2026 की रात्रि को थाना दिबियापुर पर सूचना प्राप्त हुई की ककोर बंबा के पास स्थित खेत में एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला है। प्राप्त सूचना पर तत्काल थाना दिबियापुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त अनुज उर्फ छोटू पुत्र उपेंद्र बाबू उम्र करीब 21 वर्ष निवासी तुलसीपुर थाना फफूंद जनपद औरैया के रूप में की गई। उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा थाना दिबियापुर पुलिस व फॉरेन्सिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही कर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था तथा मृतक के पिता उपेन्द्र बाबू पुत्र स्व0 बाबूराम के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना दिबियापुर पर अभियोग मु0अ0स0 23/26 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया तथा उच्चाधिकारीगण द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया था जिसके क्रम में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पूर्व में ही दिनांक 29.01.2026 को 03 नफर अभियुक्तगण पवनेश दोहरे पुत्र अशोक दोहरे 2.पीयूष उर्फ शिप्पी दोहरे पुत्र अशोक दोहरे 3.जीतू दोहरे पुत्र सुखवीर नि0गण ग्राम हरी का पुर्वा थाना दिबियापुर जनपद औरैया को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। तथा प्रकाश में आये मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। जिसके क्रम में आज दिनांक 10.06.2026 को संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कंप्रेशर तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चैकिंग की जा रही थी तभी एक व्यक्ति मोटरसाइकिल सवार औरैया से दिबियापुर की तरफ आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया तो मोटरसाइकिल चालक द्वारा तेजी से यू टर्न लेकर औरैया की तरफ भागने का प्रयास किया तभी समाधान पुरवा से कंचौसी जाने वाले मार्ग पर अपने आप को घिरता देख उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करने लगा पुलिस टीम द्वारा सिखलाये हुए तरीके से बचाव करते हुए आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की गयी जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी जिससे वह घायल होकर गिर पडा। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को हिरासत में लेकर उपचार हेतु सीएचसी दिबियापुर भेजकर थाना दिबियापुर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त विवरण-

1.टिल्लू ठाकुर उर्फ रिषभ भदौरिया पुत्र राजीव निवासी मोहल्ला बीर अब्दुल हमीद नगर (संजय नगर) थाना दिबियापुर जनपद औरैया उम्र करीब 22 बर्ष

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 220/26 धारा 109(1) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।(पुलिस (मुठभेड)

अनावरित अभियोग-

1.मु0अ0सं0 23/26 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।

अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 613/22 धारा 380/457 भादवि थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।
2. मु0अ0सं0 620/22 धारा 380/457 भादवि थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।
3. मु0अ0सं0 628/22 धारा 380/457 भादवि थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।
4. मु0अ0सं0 220/23 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।
5. मु0अ0सं0 785/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।
6. मु0अ0सं0 43/23 धारा 380/411 भादवि थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।
7. मु0अ0सं0 631/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।
8. मु0अ0सं0 32/24 धारा 380/411 भादवि थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।

बरामदगी-

1. एक अवैध तमँचा .315 बोर
2. एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर
3. दो अदद खोखा कारतूस .315 बोर
4. घटना में प्रयुक्त हीरो स्पेलन्डर मोटर साईकिल

गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक थाना दिबियापुर श्री सत्यप्रकाश सिंह मय हमराह
2. प्रभारी सर्विलांस टीम उ0नि0 समित चौधरी मय टीम ।
3. प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 कुलदीप कुमार मय टीम ।
4. उ0नि0 प्रवीण कुमार थाना दिबियापुर जनपद औरैया
5. उ0नि0 अनिल कुमार थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।
6. उ0नि0 आनन्द कुमारी थाना दिबियापुर जनपद औरैया ।